ई–मेल/स्पीडपोस्ट

कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश।

चतुर्थ तल, विकास भवन, जनपथ, हजरतगंज, लखनऊ–226001

संख्या–1835/सी0ई0ओ0–4–14/4–2010 लखनऊः दिनांकः 07 अक्टूबर, 2022

सेवा में,

जिला निर्वाचन अधिकारी,
रामपुर।

विषय– **बूथ लेवल अधिकारियों एवं सुपरवाइजरों के पारिश्रमिक के संबंध में।**

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषय पर कृपया भारत निर्वाचन आयोग के पत्र संख्या–23/BLO/Committee/2022-ERS दिनांक 23.09.2022 (छायाप्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से बूथ लेवल अधिकारियों एवं सुपरवाइजरों के पारिश्रमिक को बढ़ाकर कमशः रू0–12,000/– एवं रू0–24,000/– प्रति वर्ष किए जाने संबंधी प्रस्ताव पर अभिमत उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

2– उल्लेखनीय है कि वर्तमान समय में बी0एल0ओ0 एवं सुपरवाइजर के पारिश्रमिक की दर कमशः रू0–6,000/– व रू0–12,000/– है, जो कि माह नवम्बर, 2015 से प्रभावी है एवं विगत 07 वर्षों में कोई परिवर्तन नही किया गया है।

3– अवगत कराना है कि पिछले वर्षों में बी0एल0ओ0 के कार्य क्षेत्र में वृद्धि हुई है, जैसे कि वर्तमान में बी0एल0ओ0 द्वारा डिजीटल प्लेटफार्म यथा–गरूड़ा एप इत्यादि का उपयोग किया जा रहा है। आयोग के निर्देशानुसार 04 अर्हक तिथियों पर मतदाताओं के नाम परिवर्धन/संशोधन/अपमार्जन किए जाने, स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर का एकत्रीकरण किए जाने संबंधी कार्यों को बी0एल0ओ0 द्वारा समयबद्ध रूप से सम्पादित किया जा रहा है। उक्त के अतिरिक्त निर्वाचक नामावली की शुद्धता एवं विश्वसनीयता, नामावलियों के निरन्तर अद्यतनीकरण संबंधी कार्यों को भी बी0एल0ओ0 द्वारा सुनिश्चित किया जा रहा है।

अतः कृपया उपरोक्त के दृष्टिगत बी0एल0ओ0 द्वारा सम्पादित किए जा रहे कार्यों का सम्यक विश्लेषण करते हुए आयोग के उक्त पत्र दिनांक 23.09.2022 में दिए गए निर्देशानुसार बूथ लेवल अधिकारियों एवं सुपरवाइजरों के पारिश्रमिक को कमशः रू0–12,000/– एवं रू0–24,000/– प्रति वर्ष किए जाने संबंधी अपने **अभिमत** से इस कार्यालय को ई–मेल (so4ceo-up@gov.in) के माध्यम से **अतिशीघ्र** अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नकः यथोपरि।

भवदीय,

(रत्नेश सिंह)
संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी